भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1396

01 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मानव संसाधनों की कमी

1396. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कितने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) संचालित हैं;

(ख) विभिन्न एम्स में मानव संसाधनों अर्थात चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं अन्य स्वीकृत कर्मचारियों के सापेक्ष कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; और

(ग) क्या मानव संसाधन की कमी के कारण देश में संचालित एम्स अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य नहीं कर पा रहे हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली के अतिरिक्त, कैबिनेट ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत 22 नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना को मंजूरी दे दी है। पीएमएसएसवाई के तहत स्थापित 22 एम्स में से 19 कार्यशील हैं। विभिन्न कार्यशील एम्स में संकाय और गैर-संकाय के स्वीकृत, भरे हुए और रिक्त पदों का संस्थानवार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। विभिन्न एम्स में, संस्थान में जोड़ी गई अतिरिक्त सेवाओं और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संकाय और गैर-संकाय पदों पर भर्ती की जाती है।

अनुलग्नक I

एम्स में स्वीकृत संकाय और गैर-संकाय पदों का विवरण

क्र.सं.	एम्स का नाम	संकाय पद			गैर-संकाय पद		
		स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
1	नई दिल्ली	1207	860	347	12878	10447	2431
2	भोपाल	305	196	109	3884	1878	2006
3	भुवनेश्वर	315	236	79	3904	1986	1918
4	जोधपुर	305	220	85	3876	2462	1414
5	पटना	305	214	91	3876	2045	1831
6	रायपुर	305	190	115	3884	2387	1497
7	ऋषिकेश	305	211	94	3876	2231	1645
8	मंगलागिरी	183	130	53	1124	623	501
9	नागपुर	208	130	78	1138	677	461
10	कल्याणी	259	108	151	1520	686	834
11	गोरखपुर	183	88	95	1038	514	524
12	बठिंडा	183	112	71	1108	609	499
13	बिलासपुर	183	95	88	1018	465	553
14	गुवाहाटी	183	83	100	1018	193	825
15	देवघर	183	108	75	1018	435	583
16	बीबीनगर	183	108	75	971	351	620
17	रायबरेली	183	91	92	1311	627	684
18	राजकोट	183	72	111	951	345	606
19	मदुरै	183	42	141	903	शून्य	903
20	विजयपुर जम्मू	183	72	111	951	317	634

******